केश किंग ने अली फज़ल को बनाया अपना पहला पुरूष ब्रांड एम्बेसेडर

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। इमामी लिमिटेड हाउस के प्रमुख आयुर्वेदिक हेयर एवं स्कैल्प केयर ब्रांड, केश किंग ने अभिनेता अली फजल को अपने एंटी-डैंड्रफ शैम्पू वैरिएंट का ब्रांड एम्बेसेडर बनाया है। इसी के साथ, अली फजल केश किंग क्लब में शामिल होने वाले पहले पुरुष ब्रांड एम्बेसडर बन गए हैं। अभी तक जूही चावला, शिल्पा शेट्टी, सानिया मिर्जा, श्रुति हसन जैसी महिला हस्तियां केश किंग ब्रांड का प्रचार करती आ रही हैं। बेहद चर्चित ओटीटी सीरीज मिर्जापुर में गुड्डू पंडित की भूमिका निभाने के लिये मशहूर, अली फजल के खाते में पहले से ही 3 इडियट्स, फुकरे, बॉबी जासूस जैसी फिल्मों में निभाई गई बेहतरीन भूमिकाएं शामिल हैं। उन्होंने ब्रिटिश-अमेरिकन फिल्म विक्टोरिया और

अब्दुल में भी काम किया है। रिसर्च में पता चला है कि महिलाओं में बालों के झड़ने की तुलना में पुरुषों में डैंड्रफ रूसी की समस्या सबसे बड़ी चिंता होती है। साथ ही पुरुष डैंड्रफ की समस्या से तुरंत निजात पाना चाहते हैं और डैंड्रफ की परेशानियों से छुटकारा पाने के चक्कर में बहुत जल्दी-जल्दी ब्रांड बदलते हैं ताकि उन्हें सही उत्पाद मिल सके। ग्राहकों की इस जानकारी को मार्केटिंग ऐक्शन में बदलने के लिए,इमामी ने मशहूर पुरुष हस्ती को लेने का फैसला किया। इससे टारगेट ग्राहकों को ब्रांड के साथ बेहतर तरीके से जुड़ने और सही आयुर्वेदिक समाधान पाने में मदद मिलेगी। आज के दौर के मनोरंजन जगत और यूथ आइकन के बीच अली फजल महिलाओं और पुरुषों के युवा टारगेट ग्रुप के साथ ब्रांड की आवश्यक छवि के साथ पूरी तरह मेल खाता है। अली फजल एक्टर और केश किंग के ब्रांड एम्बेसेडर का कहना है इमामी जैसे ब्रांड के साथ जुड़कर अच्छा लग रहा है, जिसकी भारतीय उपभोक्ता क्षेत्र में एक अच्छे ब्रांड की छवि है। इसके अलावा, केश किंग एक ब्रांड के रूप में व्यापक रूप से लोगों को प्रभावी बालों और स्कैल्प की देखभाल के आयुर्वेदिक समाधान की पेशकश करने के लिये जाना जाता है।